| | |
|---|---|
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर<br>**Indian Institute of Technology Bhubaneswar** |

**प्रेस विज्ञप्ति**

# आईआईटी भुवनेश्वर में हिंदी कार्यशाला का सफल आयोजन

**भुवनेश्वर, 22 सितंबर 2024:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर के राजभाषा एकक ने दिनांक 20.09.2024 को संस्थान के सभी स्टाफ और संकाय सदस्यों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी खड़गपुर के वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, डॉ. राजीव रावत ने अपने अनुभव और ज्ञान साझा किए ।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए, संस्थान के माननीय कुलसचिव श्री बामदेव आचार्य ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की और कार्यशाला की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

कार्यशाला का उद्घाटन राजभाषा एकक के प्रभारी प्राध्यापक ने किया, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में संकाय और स्टाफ के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ सम्भूनाथ साहू, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष एवं समन्वयन श्री हेमंत कुमार यादव, हिंदी अनुवादक ने किया।

यह कार्यशाला हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और संस्थान के कर्मचारियों में राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी ।

-------------------